# कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ

पत्रांकः- मु0चि0अ0/हज मेडि0स्क्री0/स्वा0प्र0प0/2026-27/ 16678-25 दिनांकः03.09.2026

**कार्यालय ज्ञाप**

हज-2027 की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, हज कमेटी, अल्पसंख्यक मंत्रालय, भारत सरकार, के पत्र संख्याः- HCO125-0099/1/2024-HCOI दिनांक 01.09.2026 तथा सचिव/कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य हज समिति, मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ के पत्रांक-जी-11/401/एस0एच0सी0/लखनऊ/2026 दिनांक 02.09.2026 के द्वारा हज-2027 में हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस सर्टिफिकेट हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम में मेडिकल स्क्रीनिंग के लिए निम्नलिखित चिकित्सालयों को नामित किया जाता है।

| क्रम संख्या | क्रम संख्या आवंटन | मेडिकल स्क्रीनिंग के लिए नामित चिकित्सालय का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 1 से 200 | डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय, लखनऊ। |
| 2. | 201 से 400 | बलरामपुर चिकित्सालय, लखनऊ। |
| 3. | 400 से 550 | लोकबन्धु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय, कानपुर रोड, लखनऊ। |
| 4. | 551 से 700 | रानी लक्ष्मी बाई संयुक्त चिकित्सालय, राजाजीपुरम, लखनऊ। |
| 5. | 701 से 800 | राजकीय संयुक्त टी0बी0 चिकित्सालय, ठाकुरगंज लखनऊ। |
| 6. | 801 से 889 | भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय, महानगर, लखनऊ। |

**नोट-**

1. मेडिकल स्क्रीनिंग प्रारूप पर निर्धारित स्थान पर हज यात्रियों के हस्ताक्षर कराने के उपरान्त चिकित्सक द्वारा अपना नाम (in Capital latter), मेडिकल कॉउन्सिल एवं रेजिस्ट्रेशन नं0 स्पष्ट अक्षरों में अंकित किया जायेगा एवं मुहर लगायी जायेगी।

संलग्नकः-

(i) सचिव/कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य हज समिति, मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ के द्वारा उपलब्ध करायी गयी हज यात्रियों की सूची।

Scanned with OKEN Scanner

(ii) सचिव/कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य हज समिति, मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ के द्वारा उपलब्ध कराया गया मेडिकल स्क्रीनिंग प्रारूप।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
लखनऊ।

पत्रांकः- मु0चि0अ0/हज/मेडि0स्क्री0/स्वा0प्र0प0/2026-27/ 16678-25 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय/ बलरामपुर चिकित्सालय / लोकबन्धु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय/ रानी लक्ष्मी बाई संयुक्त चिकित्सालय राजकीय संयुक्त टी0बी0 चिकित्सालय, ठाकुरगंज / भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय, महानगर, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त तालिका के अनुसार दिनांक 04.09.2026 से दिनांक 15.09.2026 के मध्य हज यात्रियों के उपस्थित होने पर अपने स्तर से नामित चिकित्सकों द्वारा मेडिकल स्क्रीनिंग करते हुये नाम और मोहर के साथ हज यात्रियों को प्राप्त कराने का कष्ट करें साथ ही उसकी प्राप्ति एवं विवरण अपने कार्यालय में सुरक्षित रखें।
2. सचिव/ कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति को इस अनुरोध के साथ कि चिकित्सालयवार हज यात्रियों की क्रम संख्या आवंटन को अपने स्तर से हज यात्रियों को अवगत कराने का कष्ट करें।
3. निम्नलिखित को सूचनार्थ-

- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ़ एवं हज, उ0प्र0शासन।
- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।
- महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य सेवायें/ परिवार कल्याण, उ0प्र0।
- जिलाधिकारी, लखनऊ।
- निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0, छठवां तल इन्दिरा भवन, लखनऊ।
- जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, लखनऊ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
लखनऊ।

Scanned with OKEN Scanner

UPSHC-HAJSOTRAN/11/2026-HAJS-UPSHC

1/761977/2026

# उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)
मौलाना अली मियाँ मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर लखनऊ–226008
ई–मेल आई.डी. : hajcommittee.up@gmail.com, shcuplko@rediffmail.com
वेबसाइट : hajcommittee.up.gov.in. Twitter @UPStateHajC & Facebook @Statehajcommittee Up

दिनांक 02, सितम्बर 2026

पत्रांक : जी–।।/401/एस0एच0सी0/लखनऊ/2026

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अनुभाग–03
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

विषयः– हज 2027 के लिए मेडिकल स्क्रीनिंग और आवश्यक प्रपत्र अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदया,

उपर्युक्त विषयक हज कमेटी आफ इण्डिया के सर्कुलर–10 दिनांक 01.09.2026 का संदर्भ लेने का कष्ट करें। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस सर्टिफिकेट को हज–2027 की यात्रा पर जाने वाले प्रत्येक हज यात्री को सरकारी एलोपैथिक पद्यति के चिकित्सक द्वारा प्रमाणित कराकर दिनांक 15.09.2026 तक अपने लॉगइन आई0डी0 पर अपलोड किया जाना है। (निर्धारित प्रारुप एवं सर्कुर्लर की प्रतिलिपि संलग्न)

आपसे अनुरोध है कि शासन स्तर से प्रत्येक मुख्य चिकित्साधिकारी समस्त जनपद उत्तर प्रदेश को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले हज यात्रियों को नियमानुसार मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट निर्गत करने तथा जनपद के समस्त सरकारी चिकित्सालयों को निर्देशित करने का कष्ट करें, ताकि हज यात्रियों को कोई असुविधा न हो।

भवदीय

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

Digitally signed by
MOHD TARIQ
Date: 02-09-2026
13:34:56

(मोहम्मद तारिक)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज को उनके निजी सचिव के माध्यम से सूचनार्थ प्रेषित।
2. मा0 राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज व मा0 अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य हज समिति को।
3. मा0 सदस्य, उ0प्र0 राज्य हज समिति को।
4. प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ़ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
5. निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
6. जिलाधिकारी समस्त जनपद उत्तर प्रदेश।
7. मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त जनपद उत्तर प्रदेश।
8. समस्त जनपद जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
9. गार्ड फाइल हेतु।

(मोहम्मद तारिक)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

Scanned with OKEN Scanner